**NEWS CLIPPING: 28.06.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# काउंसिलिंग के बाद जेसी बोस में दाखिला शुरू

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** जेसी बोस विश्वविद्यालय में बीटेक पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग के तहत दाखिले का दौर बृहस्पतिवार से शुरू हो गया है। प्रदेशभर में बीटेक दाखिलों के लिए हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईसी) की ओर से 26 जून यानि बुधवार को पहली काउंसिलिंग के लिए सीट आवंटन प्रक्रिया पूरी की गई थी। इस सूची के आधार पर संस्थानों में दाखिले का दौर शुरू हुआ है।

**जेईई रैंकिंग के आधार पर पूरे होंगे दाखिले:** पहले दौर में विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले केंद्रीकृत ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की रैंकिंग के आधार पर होंगे। एचएसटीईसी की ओर से जारी परिणाम के मुताबिक विश्वविद्यालय में बीटेक के लिए कंप्यूटर इंजीनियरिंग कोर्स में न्यूनतम रैंकिंग 427 मिली है। वहीं आइटी में न्यूनतम रैंकिंग 21,023 और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 23,436 रही। एचएसटीईसी की ओर से संस्थानों में पहली काउंसलिंग के तहत दाखिले का दौर एक जुलाई तक जारी रहेगा। छात्रों को आवंटित सीट पर दाखिले के लिए संबंधित संस्थानों में जाकर जरूरी दस्तावेजों की जांच कराने के बाद दाखिला पक्का करना होगा।

**NEWS CLIPPING: 28.06.2019**

## HINDUSTAN

# जेईई की रैंक के आधार दाखिले शुरू

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बीटेक पाठ्यक्रमों के लिए पहली काउंसलिंग के तहत दाखिले का दौर गुरुवार से शुरू हो गया है। दाखिले जेईई की रैंकिंग के आधार पर होंगे। प्रदेशभर में बीटेक दाखिलों के लिए हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसाइटी (एचएसटीईसी) की ओर से 26 जून यानि बुधवार को पहली काउंसलिंग के लिए सीट आवंटन प्रक्रिया पूरी की गई थी। इस सूची के आधार पर संस्थानों में दाखिले का दौर शुरू हुआ है।

**जेईई रैंकिंग के आधार पर पूरे होंगे दाखिले :** पहले दौर में विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले केंद्रीयकृत ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की रैंकिंग के आधार पर होंगे। एचएसटीईसी की ओर से जारी परिणाम के मुताबिक विश्वविद्यालय में बीटेक के लिए कंप्यूटर इंजीनियरिंग कोर्स में न्यूनतम रैंकिंग 427 मिली है। वहीं आईटी में न्यूनतम रैंकिंग 21,023 और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 23,436 रही।

**एक जुलाई तक चलेगी दाखिला प्रक्रिया :** एचएसटीईसी की ओर से संस्थानों में पहली काउंसलिंग के तहत दाखिले का दौर एक जुलाई तक जारी रहेगा। छात्रों को आवंटित सीट पर दाखिले के लिए संबंधित संस्थानों में जाकर जरूरी दस्तावेजों की जांच कराने के बाद दाखिला पक्का करना होगा। ऐसा नहीं करने की सूरत में अंतिम तिथि निकलने के बाद दूसरी काउंसलिंग के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**नए पाठ्यक्रमों में भी दिखा छात्रों का रुझान:** विश्वविद्यालय में इसी सत्र से शुरू किए गए इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एवं कंयूटर इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रमों में छात्रों का खूब रुझान देखने को मिला। पाठ्यक्रम में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 17,623 रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंटल एवं कंट्रोल में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 35,504 दर्ज की गई। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 20,511 और सिविल इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 21,042 रही है।

**दाखिले के ये दस्तावेज हैं जरूरी :** सीट आवंटन की प्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की प्रति, 10वीं व 12वीं की मार्कशीट, चरित्र प्रमाण पत्र, मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र (ईडब्ल्यूएस), जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाम पत्र, फीस का डिमांड ड्राफ्ट सुबह नौ से शाम पांच के बीच लेंगे।

**NEWS CLIPPING: 28.06.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# जेसी बोस में काउंसलिंग के तहत शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**जेसी बोस** (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में बीटेक कोर्सों के लिए पहली काउंसिलिंग के तहत दाखिला प्रक्रिया गुरुवार को शुरू हो गई है। बीटेक दाखिले के लिए हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईसी) की तरफ से बुधवार को पहली काउंसलिंग की सीटें अलॉट करने की प्रक्रिया पूरी की है, जिसके आधार पर संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जेसी बोस यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग कोर्सों के लिए दाखिला प्रक्रिया जेईई की रैंकिंग के आधार पर होगी। एचएसटीईसी की तरफ से जारी किए गए परिणामों के अनुसार यूनिवर्सिटी में बीटेक के कंप्यूटर इंजीनियरिंग कोर्स में न्यूनतम रैंकिंग 427 मिली है। आईटी में 21023, इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में 23436 न्यूतनम रैंकिंग मिली है। नए कोर्स इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग व कंप्यूटर इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 17623 रही है। मिकैनिकल इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 20,511 व सिविल इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 21,042 रही है।

■ जेसी बोस यूनिवर्सिटी में जेईई की रैंकिंग के आधार पर इंजीनियरिंग कोर्सों में होंगे दाखिले

यूनिवर्सिटी स्तर पर होने वाले दाखिलों के लिए भी कट ऑफ जारी की गई है। बीएससी फिजिक्स ऑनर्स में सामान्य वर्ग की कट ऑफ 87.6 प्रतिशत, बीएससी केमिस्ट्री ऑनर्स में सामान्य वर्ग की 91.67 प्रतिशत व मैथ्स ऑनर्स में सामान्य वर्ग की कट ऑफ 92 प्रतिशत रही है। इसी प्रकार, बीसीए में कट ऑफ 88 प्रतिशत, बीबीए में 89.3 और एनीमेशन व मल्टीमीडिया में बीएससी के लिए सामान्य वर्ग की कट ऑफ 81.2 प्रतिशत रही। बीए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन कोर्स के लिए कट ऑफ 78.6 रही है। यूनिवर्सिटी के कुलपति दिनेश कुमार ने बताया कि एचएसटीईसी की तरफ से संस्थानों की पहली काउंसिलिंग के तहत एक जुलाई तक दाखिला प्रकिया जारी रहेगी। छात्रों में यूनिवर्सिटी में आकर अपने दस्तावेज चक कराने होंगे। उन्होंने बताया कि छात्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दाखिला ले सकते हैं। 15 अगस्त से पहले दाखिला प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 28.06.2019**

**AMAR UJALA**

# इंजीनियरिंग से जुड़े पाठ्यक्रमों में युवाओं ने दिखाई रुचि



**फरीदाबाद में जेसी बोस वाईएमसीए में बीटेक की पहली फिजिकल काउंसलिंग में हिस्सा लेते हुए विद्यार्थी।**

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईसी) के ऑनलाइन सीट आवंटन जारी होने के बाद जेसी बोस विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग करने का क्रेज युवाओं में दिखाई दे रहा है। विश्वविद्यालय में एचएसटीईसी की केंद्रीकृत ऑनलाइन प्रणाली के जरिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) रैंकिंग आधार पर होता है। बुधवार जारी हुई पहले दौर की रैंकिंग के बाद बृहस्पतिवार को इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिले को युवा बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय पहुंचे।

विश्वविद्यालय में बीटेक के लिए कंप्यूटर इंजीनियरिंग की न्यूनतम रैंकिंग 427 दर्ज की गई। कंप्यूटर इंजीनियरिंग की हरियाणा राज्य सामान्य वर्ग की कट-ऑफ 20,944 रही। पिछले साल ही इस कोर्स की सीटों संख्या 60 से बढ़ाकर 120 की गई थी। आईटी में न्यूनतम रैंकिंग 21,023 और कट-ऑफ 25,722 रही। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 23,436 रही और कट-ऑफ 33,922 रही। इसी सत्र शुरू किए गए इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए युवाओं का रुझान सराहनीय बताया जा रहा है। इसमें सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 17,623 रही और अधिकतम कट-आफ 30648 रही। इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंटल एवं कंट्रोल में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 35,504 हुई और कट-ऑफ 48,393 रही।

इसी तरह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 33,070 रही और अधिकतम कट-आफ 44040 रही। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 20,511 रही और अधिकतम कट-आफ 41,183 रही। जबकि सिविल इंजीनियरिंग में सामान्य वर्ग की न्यूनतम रैंकिंग 21,042 रही और अधिकतम कट-ऑफ 53,947 रही।